<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1677

02 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

सेल द्‌वारा विशेष प्रोत्साहन योजना

1677. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डीः

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (सेल) ने विगत पांच वर्षों के दौरान एक विशेष प्रोत्साहन योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य इस योजना के अंतर्गत एमएसएमई को 700-800 रुपए प्रति टन इस्पात की राहत प्रदान करके तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के जिलों में स्थित स्थानीय एमएसएमई को प्रोत्साहन प्रदान करना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत कौन से कार्यक्रम बनाए गए हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो राज्यों में ऐसी योजना कब तक शुरू होने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): जी नहीं। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने गत पाँच वर्षों के दौरान तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश स्थित स्थानीय मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्‌यमों को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष प्रोत्साहन योजना शुरू नहीं की है।

बहरहाल, सेल ने हाल ही में **"इस्पाती इलाकों का विकास : सेल के साथ"** नामक एक नई योजना पाँच एकीकृत इस्पात संयंत्रों वाले जिलों में प्रारंभ की है। सभी चार समन्वयक शाखाओं वाले स्थानों अर्थात् राउरकेला, बोकारो, भिलाई तथा दुर्गापुर (दुर्गापुर इस्पात संयंत्र तथा इस्को इस्पात संयंत्र के लिए) में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है ताकि लक्षित ग्राहकों में जागरुकता उत्पन्न की जा सके और उसका प्रसार किया जा सके।

****